समर एक्सप्रेस


# मोहाली में शिक्षण एवं धार्मिक संस्थाओं के रास्तों में ठेके, युवाओं में नैतिकता के पतन के बन रहे अड्डे

## नामी स्कूल के पास खुला 'यारां दा अड्डा', कर रहा विज्ञापन 'ब्रिंग यूअर ऑन बॉटल'... मासूमों का गुजरना मुश्किल

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब सरकार की ओर से युवाओं को नशे से दूर रखने और नशे के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। दूसरी ओर शहर में युवाओं को आकर्षित करने वाले लग्जरी बी.वाई.ओ.वाई. (ब्रिंग यूअर ऑन बॉटल) आउटलेट्स का विस्तार चिंता का विषय बनता जा रहा है।

ऐसा ही एक मामला 'यारां दा अड्डा' नाम से चल रहे बीवाईओवाई को लेकर सामने आया है, जो एक नामी प्राइवेट स्कूल के आसपास स्थित बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि स्कूल के आसपास इस तरह के शराब सेवन से जुड़े प्रतिष्ठान होने से बच्चों पर इसका सामाजिक और मानसिक प्रभाव पड़ सकता है। अभिभावकों के मुताबिक, जब बच्चे अपने माता-पिता के साथ इस रास्ते से गुजरते हैं और प्रतिष्ठान का नाम देखते हैं तो स्वाभाविक तौर पर सवाल करते हैं कि 'पापा, ये यारां दा अड्डा क्या होता है?' ऐसे में छोटे बच्चों को इस तरह की जगहों और उनके उद्देश्य के बारे में समझाना माता-पिता के लिए असहज स्थिति पैदा कर देता है।

### स्कूलों के आसपास तय मानकों को स्पष्ट करे प्रशासनः अभिभावक

अभिभावकों का कहना है कि प्रशासन को स्पष्ट करना चाहिए कि स्कूलों, शिक्षण संस्थानों और बच्चों की आवाजाही वाले क्षेत्रों के आसपास बी.वाई.ओ.वाई. अथवा शराब से जुड़े प्रतिष्ठानों के लिए क्या नियम और दूरी के मानक निर्धारित हैं। यदि नियमों में ऐसी जगहों के लिए कोई प्रतिबंध या दूरी निर्धारित है तो उसकी जांच होनी चाहिए और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## गुरुद्वारे से कुछ दूरी पर शराब ठेका धार्मिक भावनाओं को कर रहा आहत

**मोहाली।** सुहाना स्थित गुरुद्वारा साहिब से कुछ ही दूरी पर शराब का ठेका खोले जाने को लेकर धार्मिक संगठनों और स्थानीय लोगों की ओर से सवाल उठाए जा रहे हैं। गुरुद्वारा साहिब के नजदीक शराब का ठेका होना और वहां लोगों द्वारा शराब का सेवन करना बिल्कुल गलत है। इससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है।

सुहाना से कुछ ही दूरी पर जुबली वॉक में भी शराब का ठेका खोला गया है। इस संबंध में सिंह शहीदां सुहाना गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधकों और आसपास के रिहायशी इलाकों के लोगों की ओर से डिप्टी कमिश्नर को शिकायत दी गई थी। उनका कहना है कि शिकायत के बावजूद प्रशासन की ओर से 100 मीटर के दायरे का नियम बताते हुए कार्रवाई की सीमा की बात कही गई।



सुहाना स्थित प्रमुख गुरुद्वारा साहिब के आसपास शराब के ठेकों को लेकर अब संत समाज की ओर से भी चिंता जताई गई है।

श्री विभूषित 1008 महामंडलेश्वर श्री भ्रमरानंद गिरी जी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह बहुत प्रमुख गुरुद्वारा है और इससे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। ऐसे धार्मिक स्थल के आसपास शराब की दुकान या ठेका होना उचित नहीं है।



*किसी धार्मिक स्थल के आसपास शराब का ठेका खोलने के मामले को केवल दूरी के नियम तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। सिंह शहीदां सुहाना गुरुद्वारा साहिब के साथ लाखों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। ऐसे में गुरुद्वारे के आसपास शराब की बिक्री और सेवन से धार्मिक वातावरण प्रभावित होता है।*

**भाई जितेंद्र पाल सिंह जेपी, प्रेसिडेंट**
**कलगीधर सेवा जत्था**

*गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना के नजदीक जुबली वॉक में शराब का ठेका खोला गया है। इसके अलावा थोड़ी दूरी पर एक स्कूल के नजदीक भी शराब का ठेका स्थित है। इस संबंध में गुरुद्वारा साहिब की कमेटी की ओर से इन ठेकों को हटवाने की मांग को लेकर मोहाली के उपायुक्त को लिखित मांगपत्र दिया गया था, लेकिन ढाई महीने बीत जाने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।*

**हरजिंदर सिंह, प्रधान**
**गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना**

# जीरकपुर एयरपोर्ट रोड पर रेत से भरे तेज रफ्तार टिप्पर ने तीन वाहनों को मारी टक्कर

## तेज रफ्तार दौड़ते टिप्परों की लगाम कसने में प्रशासन नाकाम, रोज हो रहे हादसे

**लाखों रुपये का नुकसान, टिप्पर चालक वाहन छोड़कर फरार**

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़




मोहाली से मैकडी चौक जीरकपुर की ओर जाने वाली 200 फुटी सड़क पर सोमवार देर रात तेज रफ्तार रेत से भरे टिप्पर ने सड़क किनारे खड़े तीन बड़े कंटेनर/ट्रकों को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद टिप्पर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

वाहन मालिक गांव छत निवासी गुरमेल सिंह ने बताया कि हादसा रात करीब एक बजे हुआ। उनकी गाड़ियां सड़क के किनारे कच्चे हिस्से में खड़ी थीं। इसी दौरान मोहाली की तरफ से रेत से भरा टिप्पर तेज गति से आया और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टिप्पर की रफ्तार काफी अधिक थी। आरोप है कि चालक ने खड़े वाहनों में सीधे टक्कर मार दी। हादसे में वाहन चालकों को चोटें आने की जानकारी है।

पीड़ित वाहन मालिकों के अनुसार टक्कर से दो गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं और उन्हें करीब 20 लाख रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने टिप्पर को कब्जे में लेकर फरार चालक और वाहन मालिक की तलाश शुरू कर दी है।

### विशेष नाकेबंदी की मांग

पीड़ितों ने पुलिस को लिखित शिकायत भी दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीआर-7 रोड पर रात के समय तेज रफ्तार भारी वाहनों पर नियंत्रण के लिए विशेष नाकेबंदी की जाए और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



# रामपुर ठड़ियो नदी में माइनिंग टेंडर खोलने का विरोध, सैकड़ों किसान समाधान शिविर में पहुंचे

समर न्यूज़ | रायपुररानी
समर न्यूज़



गांव रामपुर ठड़ियो की नदी में प्रस्तावित माइनिंग साइट का टेंडर न खोलने की मांग को लेकर सोमवार को सैकड़ों किसान समाधान शिविर में पहुंचे।

भारतीय किसान संघ पंचकूला के नेतृत्व में मोरनी और रायपुररानी क्षेत्र के 10 से अधिक गांवों के सरपंचों व मौजिज लोगों ने प्रशासन के समक्ष अपनी मांग रखी।

किसानों ने कहा कि नदी में माइनिंग शुरू होने से आसपास की कृषि भूमि प्रभावित होने की आशंका है। लगातार खनन होने से खेतों की मिट्टी और उपजाऊ जमीन को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे किसानों की आजीविका पर भी असर पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की कि ग्रामीणों की सहमति के बिना रामपुर ठड़ियो नदी में माइनिंग साइट का टेंडर न खोला जाए। इस दौरान ग्रामीण प्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र के किसान पहले ही प्राकृतिक आपदाओं और नदी से होने वाले नुकसान का सामना कर रहे हैं। ऐसे में नदी क्षेत्र में माइनिंग की अनुमति दिए जाने से खेती योग्य भूमि के साथ-साथ पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। मामले को लेकर एसडीएम मन्नत राणा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सभी संबंधित लोगों की मंजूरी और आवश्यक प्रक्रिया पूरी किए बिना माइनिंग साइट नहीं खोली जाएगी। एसडीएम के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपनी मांग पर प्रशासन द्वारा गंभीरता से विचार किए जाने की उम्मीद जताई।

## स्वच्छ वायु दिवस पर पीपीसीबी ने चलाए स्वच्छता और पौधरोपण अभियान

समर न्यूज़ | डेराबस्सी

नीले आसमान के लिए स्वच्छ वायु के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय मोहाली ने स्वच्छता, पौधरोपण और जागरूकता गतिविधियां आयोजित कीं। क्षेत्रीय अधिकारी इंजीनियर कंवलदीप कौर की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रमों में नगर परिषद, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों और स्थानीय समुदाय ने भाग लिया। डेराबस्सी में नगर परिषद ने डीएवी स्कूल और डीएसपी कार्यालय के पास स्वच्छता अभियान चलाकर जमा कचरा हटाया। एल.एम. थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में विद्यार्थियों और प्रतिभागियों ने स्वच्छ वायु बनाए रखने तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की प्रतिज्ञा ली।

# मोहाली में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

## आरोपी युवक यूपी से देसी कट्टा लाकर पंजाब में पहले भी कर चुका है सप्लाई

**पुलिस ने 315 बोर का कट्टा और जिंदा कारतूस किया बरामद**

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़



थाना फेज-1 मोहाली पुलिस ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान राजीव उर्फ बादल (25) निवासी गांव पप्पड़पुरा तहसील लांखड़ी जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। वर्तमान में वह बलौंगी के आजाद नगर में शिव मंदिर के पास एक पीजी में रह रहा था।

पुलिस के अनुसार एएसआई देविंदर सिंह पुलिस टीम के साथ निजी वाहन में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। करीब रात आठ बजे पुलिस पार्टी डिप्लास्टिक चौक के पास पहुंची, जहां एक मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि राजीव उर्फ बादल शराब के ठेके के पीछे पानी की टंकी के पास खाली जगह में खड़ा है। उसके पास 315 बोर का देसी कट्टा और जिंदा कारतूस हैं और वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

### हथियार के साथ फोटो भी दिखाई

मुखबिर ने पुलिस को आरोपी की अवैध हथियार के साथ फोटो भी दिखाई। सूचना को पुख्ता और विश्वसनीय मानते हुए पुलिस टीम ने मौके पर कार्रवाई की और आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अवैध देसी कट्टा 315 बोर और जिंदा कारतूस बरामद किया।

### अवैध हथियार रखने और सप्लाई करने का आरोप

पुलिस के मुताबिक आरोपी अवैध हथियार रखने का शौकीन है और लोगों में दहशत फैलाकर अपना नाम बनाने की कोशिश करता था। उस पर उत्तर प्रदेश से अवैध हथियार लाकर पंजाब में आगे सप्लाई करने का भी आरोप है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25,54,59 के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

*गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस रिमांड पर है, उससे आगे की पूछताछ की जा रही है।*

*दविंदर सिंह, सब इंस्पेक्टर थाना फेज-1*

# शादी का झांसा देकर युवती से बार-बार दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**25 वर्षीय युवती ने मटौर थाने में दी थी शिकायत वर्ष 2024 से दुष्कर्म करने का आरोप, अभी गिरफ्तारी नहीं**

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़

मटौर थाना क्षेत्र में एक 25 वर्षीय युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत के आधार पर मटौर थाना पुलिस ने आरोपी सूरज सिंह निवासी मटौर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मामले में अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने वर्ष 2024 से उसे शादी का झांसा दिया और इसी बहाने उसके साथ बार-बार दुष्कर्म किया। युवती ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित ने बताया कि वह आरोपी के संपर्क में सोशल मीडिया के माध्यम से आई थी। वर्ष 2024 में दोनों की बातचीत शुरु हुई। सूरज ने उसके सामने शादी करने का प्रस्ताव रखा। आरोपी सूरज ने पहले उसका विश्वास जीता और बाद में उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए।

अब जब उसने सूरज पर शादी का दबाव बनाया तो सूरज ने पीड़ित युवती से सारे नाते तोड़ लिए और उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। पीड़िता ने सूरज से कई दफा संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन सूरज ने शादी करने से साफ इन्कार कर दिया।

*मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की ओर से शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

**अमनदीप सिंह, जांच अधिकारी**

## हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होः जिला निर्वाचन अधिकारी

मुकुल शर्मा | पंचकूला

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सतपाल शर्मा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में एसआईआर-2 की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे 30 सितंबर 2026 तक फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाएं और मतदाता पहचान पत्र बनवाएं।

उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं को दस्तावेज पूरे न होने के कारण नोटिस प्राप्त हुए हैं, वे अपने आवश्यक दस्तावेज संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास जमा करवाकर अपने मतदाता विवरण को अपडेट करवाएं।

# जरनैल एनक्लेव-2 में थार के ताले तोड़कर चोरी की कोशिश

**पड़ोसी के जागने पर भागे संदिग्ध, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात**

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़





भबात रोड स्थित जरनैल एन्क्लेव-2 में देर रात अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़ी थार गाड़ी चोरी करने का प्रयास किया। हालांकि, पड़ोसी के जाग जाने पर संदिग्ध मौके से फरार हो गए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

गाड़ी मालिक राजिंदर सिंह की पत्नी ने बताया कि उनका बेटा पिछले दो वर्षों से पढ़ाई के लिए विदेश गया हुआ है और उसकी गाड़ी घर के बाहर खड़ी रहती है। सोमवार तड़के करीब ढाई से तीन बजे के बीच दो संदिग्धों ने गाड़ी के ताले तोड़कर उसे चोरी करने का प्रयास किया। इसी दौरान पास में रहने वाले किरायेदार पड़ोसी को गतिविधियां संदिग्ध लगीं। उसके खांसने और लाइट जलाने पर दोनों वहां से भाग निकले। सुबह घटना का पता चलने पर परिवार ने गाड़ी की जांच की तो ताले टूटे मिले। परिवार के अनुसार राजिंदर सिंह के लौटने पर पुलिस को लिखित शिकायत और सीसीटीवी फुटेज सौंपी जाएगी। लोगों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# डेराबस्सी में सुबह 4 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली ले उड़े चोर, पहले की इलाके की रेकी

## सीसीटीवी में तीन संदिग्ध कैद, एक आरोपी बाइक से निगरानी करता दिखा

गुरमीत सिंह | डेराबसी
समर न्यूज़





गुलाबगढ़ रोड स्थित अमन होटल के पास गणेश विहार में तड़के चोर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी कर ले गए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में तीन संदिग्ध नजर आ रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली मालिक शाम लाल ने बताया कि उसने अपना ट्रैक्टर अमन होटल के पास खड़ा किया था। सुरक्षा के लिए ट्रैक्टर को चेन से बांध रखा था। सुबह उठकर देखा तो ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके से गायब थी और चेन टूटी हुई पड़ी थी। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इसमें तड़के करीब 4 बजे तीन व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली के आसपास दिखाई दिए। फुटेज के अनुसार, एक संदिग्ध बाइक पर सवार होकर आसपास निगरानी करता रहा, जबकि दो अन्य ने चेन तोड़कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को वहां से निकाल लिया। इससे आशंका जताई जा रही है कि वारदात से पहले आरोपियों ने इलाके की रेकी की थी। शाम लाल के अनुसार चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली की अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये है। घटना के बाद इलाके के लोगों में चिंता का माहौल है। लोगों ने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डेराबस्सी में दर्दनाक हादसा, तेज रफ्तार टिप्पर ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला

## दोनों युवक गंभीर रूप से घायल, टिप्पर के पहिए नीचे आने से पैरों में आईं गंभीर चोटें

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़




डेराबस्सी थाने के पास रविवार रात करीब पौने आठ बजे मिट्टी से भरे एक तेज रफ्तार टिप्पर ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े और टिप्पर का पहिया उनकी टांगों के ऊपर से गुजर गया। ज़ख्मियों की पहचान 18 वर्षीय सुनील और 21 वर्षीय नूर मोहम्मद के रूप में हुई है जो चचेरे भाई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मिट्टी से लदा टिप्पर सरकारी कॉलेज की ओर से तेज गति से डेराबस्सी की तरफ आ रहा था। इसी दौरान दोनों युवक मोटरसाइकिल पर वहां से गुजर रहे थे। थाने के नजदीक टिप्पर की चपेट में आने से हादसा हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को तुरंत डेराबस्सी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को चंडीगढ़ सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया।

### लोग परेशान, प्रशासन पर उठे सवाल

हादसे के बाद स्थानीय लोगों में रोष देखने को मिला। लोगों का कहना है कि माइनिंग कार्य में लगे सैकड़ों टिप्पर डेराबस्सी की सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते हैं, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से टिप्परों की गति पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करवाने की मांग की। वहीं, कुछ लोगों के अनुसार सड़क पर गिरी बिजली की तारों के कारण भी यह हादसा हुआ हो सकता है। बताया गया कि तारों में उलझने के दौरान दोनों युवक टिप्पर की चपेट में आ गए। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। टिप्पर चालक मौके पर टिक पर छोड़कर फरार हो गया था। इलाज तुरंत एक युवक की टांग इतनी ज्यादा चकनाचूर हो चुकी है कि उसकी जान बचाने के लिए एक टांग काटनी पड़ सकती है।

**तीर्थ यात्रा** विधायक कुलवंत सिंह की देख-रेख में मोहाली से श्री अमृतसर साहिब के लिए 3 बसें रवाना हुईं

# मेयर सरबजीत सिंह समाना ने 3 बसों को दिखाई हरी झंडी

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत, आज विधायक कुलवंत सिंह की देख-रेख में मोहाली विधानसभा क्षेत्र से 3 बसों को हरी झंडी दिखाई गई। इन बसों को मोहाली नगर निगम के मेयर सरबजीत सिंह समाना ने हरी झंडी दिखाई।

इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए मेयर सरबजीत सिंह समाना ने कहा कि सीनियर सिटिजन की आस्था और सुविधाओं को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है।

मुख्यमंत्री स्कीम के तहत, श्रद्धालुओं द्वारा श्री दरबार साहिब, श्री दुर्गाणा मंदिर, राम तीर्थ वाल्मीक मंदिर, वाघा बॉर्डर और जलियांवाला बाग जाएंगे और एक ग्रुप के रूप यात्रा पर जाना सीनियर सिटीजन के लिए एक सुखद अनुभव होगा। मेयर सरबजीत सिंह समाना ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और के निर्देशों के तहत, पूरे पंजाब में सफाई अभियान शुरू किया गया है। यह सफाई अभियान खरड़ से मोहाली में दाखिल होते ही बरियाली-एयरपोर्ट रोड से शुरू किया गया था, जो लगातार जारी है। गैर-कानूनी कचरा फैलाने वालों पर काबू पाया जा रहा है। मेयर ने कहा कि मोहाली में सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा।

सेक्टर 67 से 2 बसें जबकि गांव झामपुर से श्रद्धालुओं से भरी बस भेजी जा रही थी, इस दौरान मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के जिला कोऑर्डिनेटर एवं राज्य पुरस्कार विजेता- फूलराज सिंह भी मौजूद थे।

इस मौके पर पार्षद मैडम रमनप्रीत कौर कुंबरा, मैडम बलजिंदर कौर-वार्ड नंबर वार्ड इंचार्ज आम आदमी पार्टी, महिंदर सिंह, बलवीर मसीर, मेहमा सिंह, करम सिंह-अध्यक्ष गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, वीर सिंह, बाजवा जी, गुरनाम सिंह, एन.पी. सिंह, गुरपाल सिंह बी.एस. ढिल्लों, गुरप्रीत सिंह पंच झामपुर, अवतार सिंह झामपुर, सतविंदर सिंह सदस्य पंचायत, राम सिंह पूर्व सदस्य पंचायत, मैडम कुलविंदर कौर, कमलजीत कौर काहलो, कुलजिंदर सिंह भी मौजूद थे।



### तीर्थ यात्रा स्कीम को लेकर जनता उत्साहितः मेयर सरबजीत सिंह

*मेयर सरबजीत सिंह समाना ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम को लेकर ग्रुप में काफी उत्साह है। सीनियर सिटिजन खुद से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम में शामिल हो रहे हैं और बड़े स्तर पर रजिस्ट्रेशन का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि सीनियर सिटिजन की सुविधा के लिए, यात्रा के दौरान हर समय एक गाइड और एक डॉक्टर भी उपलब्ध कराए जाते हैं, ताकि किसी भी सीनियर सिटिजन श्रद्धालु को यात्रा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी न हो। इस मौके पर, मोहाली में चल रहे सफाई अभियान के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में, मेयर -सरबजीत सिंह समाना ने कहा कि मोहाली शहर की सुंदरता को हर कीमत पर बनाए रखा जाएगा, और इस काम में लापरवाही बरतने वाले किसी भी व्यक्ति या अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*

## कोकीन तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में दो दोषियों को 3-3 साल की सजा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जुड़े धन शोधन मामले में अदालत ने दारा सिंह और गुरदर्शन सिंह को दोषी ठहराते हुए तीन-तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। मामला 1.230 किलोग्राम कोकीन की तस्करी से संबंधित है। ईडी के चंडीगढ़ आंचलिक कार्यालय-1 के अनुसार, पंजाब पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की गई थी।

आरोपियों को इससे पहले एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं 22 और 29 के तहत भी दोषी ठहराया जा चुका है। जांच के दौरान छह लाख और चार लाख रुपये के दो चेक बरामद हुए थे। ईडी के अनुसार, कुल दस लाख रुपये के ये चेक नशीले पदार्थों के लेन-देन से जुड़े थे। अदालत ने इन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपराध से अर्जित आय माना।